संख्या-118/2015-2050/नौ-5-2015-90बजट/2015

प्रेषक,

उमा शंकर सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत, मटौंध(बाँदा), अमीनगर सराय(बागपत), सकीट(एटा), जहानाबाद(पीलीभीत) एवं सौंख(मथुरा)।

नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 01 मई 2015

विषय- वित्तीय वर्ष 2015-16 में 'नगरीय सड़क सुधार योजना' के अन्तर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **'नगरीय सड़क सुधार योजना'** के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में निम्नलिखित 05 नगर पंचायतों को सड़कों के निर्माण हेतु **कुल ₹ 600.27 लाख** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में **कुल ₹ 298.18 लाख (₹ दो करोड़ अटठानवे लाख अटठारह हजार मात्र)** की धनराशि अवमुक्त किये जाने पर श्री राज्यपाल निम्नलिखित विवरण, शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है-

(धनराशि लाख ₹ में)

क्र. सं.	जनपद का नाम	नागर निकाय का नाम	प्रस्तावित कार्य	आगणन में प्रार्थित धनराशि	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
1	बाँदा	नगर पंचायत, मटौंध	1. रामाश्रय विश्वकर्मा के मकान से बिन्दा साहू के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क/नाली निर्माण	3.05		
			2. रामऔतार कहार के मकान से अरविन्द निगम के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क/नाली निर्माण	10.50		
			3. शिवराम पासवान के मकान से नैनी तालाब तक इंटरलाकिंग सड़क/ नाली निर्माण	10.50		
			4. कलार दिवाला से कन्धीपुरवा तक इंटरलाकिंग सड़क/नाली निर्माण भाग1	14.98		
			5. शिवराम पासवान के मकान से खलिहान के नल तक इंटरलाकिंग सड़क/नाली निर्माण	9.51		
			6. मराठी दाई से राजू कुशवाहा के मकान तक (पुरवा तक) इंटरलाकिंग सड़क/नाली निर्माण	18.46		

क्र. सं.	जनपद का नाम	नागर निकाय का नाम	प्रस्तावित कार्य	आगणन में प्रार्थित धनराशि	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
			7. कलार दिवाला से कन्धीपुरवा तक इंटरलाकिंग सड़क/नाली निर्माण भाग2	10.01		
			8. रामऔतार कुशवाहा के मकान से मराठी दाई तक इंटरलाकिंग सड़क/ नाली निर्माण	10.55		
			योग	**87.56**	**87.56**	**43.28**
2	बागपत	नगर पंचायत, अमीनगर सराय	1.वार्ड नं.1 में हत्थे की सहायक गलियों में रबर मोल्डिड सी.सी. इंटरलाकिंग सड़क/नाली निर्माण	20.78		
			2. फुआरा चौक से नहर के पुल तक दांयी साइड की पटरी का वाईब्रेरेटिड रबर मोल्डिड सी.सी. इंटरलाकिंग टाईल्स द्वारा निर्माण	36.37		
			3. बिनौली रोड से बुडसनी तक रबर मोल्डिड सी.सी.इंटरलाकिंग टाईल्स द्वारा निर्माण	19.50		
			4. वार्ड नं.10 मैन बाजार में विपिन पान वाले से डा0 पारासर तक रबर मोल्डिड सी.सी.इंटरलाकिंग सड़क/ नाली निर्माण	4.60		
			5. बुढसैनी चौपले से सैडभर सीमा तक दांयी साइड की पटरी का वाईब्रेरेटिड रबर मोल्डिड सी.सी. इंटरलाकिंग टाईल्स द्वारा निर्माण कार्य	32.73		
			6. वार्ड नं.5 में सराय-बडौत रोड पर रामकिशोर से राजसिंह व प्रदीप शर्मा से सतीश के मकान तक गली में वाईब्रेरेटिड रबर मोल्डिड सी.सी. इंटरलाकिंग टाईल्स द्वारा सड़क/नाली	6.98		
			7. फुआरा चौक से नहर के पुल तक बांयी साइड की पटरी का वाईब्रेरेटिड रबर मोल्डिड सी.सी. इंटरलाकिंग टाईल्स द्वारा निर्माण	36.09		
			8. कश्यप मौहल्ला में सहायक गलियों सहित लेवल उठाकर वाईब्रेरेटिड रबर मोल्डिड सी.सी. इंटरलाकिंग टाईल्स द्वारा सड़क/नाली निर्माण	6.07		

क्र. सं.	जनपद का नाम	नागर निकाय का नाम	प्रस्तावित कार्य	आगणन में प्रार्थित धनराशि	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
			9. बुढसैनी चौपले से सैडभर सीमा तक बांयी साइड की पटरी का वाईब्रेरेटिड रबर मोल्डिड सी.सी. इंटरलाकिंग टाईल्स द्वारा निर्माण कार्य	29.29		
			10.जामा मस्जिद से अल्लादिया प्रधान के मकान तक व सहायक गली में लेवल उठाकर वाईब्रेरेटिड रबर मोल्डिड सी.सी. इंटरलाकिंग टाईल्स द्वारा सड़क /नाली निर्माण	12.62		
			11. वार्ड नं.2 में वाल्मीकि मन्दिर से जाटव चौपाल तक व जयपाल वाली सहायक गली में रबर मोल्डिड सी.सी.इंटरलाकिंग टाईल्स द्वारा सड़क/ नाली निर्माण	7.21		
			योग	212.24	212.24	106.12
3	एटा	नगर पंचायत, सकीट	1. प्रमोद दीक्षित की दुकान से इंद्रिश के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	1.42		
			2. मौ0 जोशियाना में हरिओम पंडित के तिराहे तक इंटरलाकिंग निर्माण	7.18		
			3. राजेश मिश्रा के घर से सड़क तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	1.02		
			4. कुल्ला चौराहे से डिग्री कालेज तक सी.सी. इंटरलाकिंग सड़क निर्माण	21.19		
			5. गौतम वाष्णेय के घर से गैस गोदाम के आगे तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	6.19		
			योग	37.00	37.00	18.50
4	पीलीभीत	नगर पंचायत, जहानाबाद	1.नगर मध्यरोड का डामरीकरण बिटुमिन से चौड़ीकरण का कार्य	47.68		
			2.रिछा तिराहे से सी एच सी की ओर डामरीकरण बिटुमिनसे चौड़ीकरण कार्य	32.14		
			3. शाही रोड का डामरीकरण बिटुमिन से चौड़ीकरण नगर की सीमा तक	90.74		
			योग	170.56	170.56	85.28
5	मथुरा	नगर पंचायत, सौंख	1. वार्ड नं.10 व 8 में अयूब खाँ टेलर के मकान से अरमान के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क/ नाली निर्माण कार्य	18.82		

क्र. सं.	जनपद का नाम	नागर निकाय का नाम	प्रस्तावित कार्य	आगणन में प्रार्थित धनराशि	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
			2. वार्ड नं.10 व 2 में मंगो घड़ी वालो की दुकान से सकील खॉ की दुकान तक इंटरलाकिंग सड़क/नाली निर्माण	12.51		
			3. वार्ड नं.7 व 8 में उस्मान के मकान से चौधरी धर्मशाला तक इंटरलाकिंग सड़क/नाली निर्माण	9.86		
			4. वार्ड नं.3 व 8 में तेजसिंह नाई की दुकान से सिंडिकेट चौराहे तक इंटरलाकिंग सड़क/नाली निर्माण	24.57		
			5.वार्ड नं.10 व 2 में दिनेश हलवाई की दुकान से डा0 राममनोहर लोहिया चौक तक इंटरलाकिंग सड़क निर्माण	12.51		
			6. वार्ड नं. 2 में रिन्कू लोटिया की दुकान से रामबाबू की दुकान (पुराना सैयद बाबा मार्ग) तक इंटरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य	7.38		
			7. वार्ड नं. 4 व 7 में बृजमोहन के मकान से जामा मस्जिद तक इंटरलाकिंग सड़क निर्माण	7.26		
			योग	92.91	92.91	45.00
			महायोग (1+2+3+4+5)	600.27	600.27	298.18

(₹ दो करोड़ अटठानवे लाख अटठारह हजार मात्र)

1. स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु निकाय द्वारा प्रस्तुत बिल संबंधित जनपद के जिलाधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा, जिसे संबंधित जनपद के मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी द्वारा निकायों के खाते में सीधे जमा किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त आहरित धनराशि किसी अन्य बैंक/डाकघर/ पी.एल.ए/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी। यह कार्यवाही शीर्ष प्राथमिकता पर सम्पादित की जायेगी तथा निकाय द्वारा बीजक प्रस्तुत किये जाने की तिथि से तीन दिवस के अन्दर धनराशि निकाय के खाते में अन्तरित कर दी जायेगी।
2. स्वीकृत धनराशि निर्धारित अवधि में उन्हीं कार्यो पर व्यय की जायेगी, जिसके लिए स्वीकृत की गयी है।
3. योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या-2087/नौ-5-2013-120बजट/2013 दिनांक 07 जून, 2013 तथा शासनादेश संख्या-3747/नौ-5-2013-120बजट/2013 दिनांक 10 सितम्बर, 2013 द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का अनुपालन कराया जायेगा।
4. प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जाय।
5. कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी संबंधित निकाय की होगी तथा निकाय द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाय।

6. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
7. प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जाय सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।
8. स्वीकृत किये जा रहे कार्य की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं/कार्यक्रमों में पुनरावृति नहीं की जायेगी। यह भी सुनिश्चत किया जायेगा कि इस कार्य हेतु पूर्व में किसी अन्य स्रोतों से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है।
9. कार्यस्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत **'डिस्पले बोर्ड'** पर कार्य का पूर्ण विवरण, कार्यदायी संस्था, कार्य प्रारम्भ होने की संभावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।
10. व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन तथा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद को दिनांक 31-12-2015 तक भेजा जाना अनिवार्य होगा।
11. वित्तीय मामलों में संबंधित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ/लेखधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित शर्तो का किसी प्रकार का विचलन हो, तो संबंधित वित्त नियंत्रक का दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामले की सूचना पूर्ण विवरण सहित वित्त विभाग को दे दी जाय।
12. स्वीकृत की गयी धनराशि ~~का व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16~~ **के** आय-व्ययक के अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि का व्यय आयोजनागत **लेखाशीर्षक '2217-शहरी विकास-80-सामान्य-193-नगर पंचायतों/अधिसूचित क्षेत्र समितियों या उनके समतुल्य निकायों को सहायता-04-उत्तर प्रदेश व्यापार विकास निधि से व्यय-0401-नगरीय सड़क सुधार योजना-35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान'** के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-बी-1-2457/दस-2014-231/2014 दिनांक 22 जुलाई, 2014 के तहत प्रशासकीय विभागों को प्रदत्त अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या-118/2015-2050(1)/नौ-5-2015-90बजट/2015, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार, उ.प्र. इलाहाबाद।
2. संबंधित मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. संबंधित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. संबंधित कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. निदेशक,स्थानीय निकाय,उत्तर प्रदेश लखनऊ।
6. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, उ.प्र.इलाहाबाद।
7. संबंधित अध्यक्ष, नगर पंचायत, उत्तर प्रदेश।
8. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
9. गार्ड फाईल/कम्प्यूटर सेल/सुपर यूजर, नगर विकास विभाग को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

आज्ञा से,

(उमा शंकर सिंह)
संयुक्त सचिव।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2015-2016

आवंटन दिनांक-01/05/2015

प्रेषण संख्या:- 118-2015

आवंटन आदेश संख्या:- 001-118-2015-2050-9-5-15-90Bud-15

अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2015-2016 का आवंटन)

लेखाशीर्षक:- 2217 - शहरी विकास(आयोजनागत-मतदेय)

80 - सामान्य

193 - नगर पंचायतों / अधिसूचित क्षेत्र समितियों या उनके

04 - उत्तर प्रदेश व्यापार विकास निधि से व्यय

01 - नगरीय सड़क सुधार योजना

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान	योग
1	मथुरा-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	4500000 4500000	4500000 4500000
2	एटा-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	1850000 1850000	1850000 1850000
3	पीलीभीत-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	8528000 8528000	8528000 8528000
4	बांदा -4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	4328000 4328000	4328000 4328000
5	बागपत-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	10612000 10612000	10612000 10612000
	योग	वर्तमान प्रगामी	29818000 29818000	29818000 29818000

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया दो करोड़ अठानवे लाख अठारह हजार

महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया दो करोड़ अठानवे लाख अठारह हजार

(उमा शंकर सिंह)

संयुक्त सचिव